इंजीनियरिंग कॉलेज में बनेगी 'यूज केस' लैब

संवाद न्यूज एजेंसी

नई टिहरी। केंद्रीय दूरसंचार विभाग की ओर से देशभर के 100 शिक्षण संस्थानों में 5जी 'यूज केस' लैब स्थापित किए जा रहे हैं। जिसके लिए टीएचडीसी इंस्टीट्यूट ऑफ हाईड्रो पॉवर अभियांत्रिकी संस्थान भागीरथीपुरम टिहरी का भी चयन हुआ है।

लैब बनने से छात्र-छात्राओं को तकनीकी सहायता, शोध कार्य सहित आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) जैसे जटिल कार्यों को करने में सुविधा मिलेगी।

टीएचडीसी हाइड्रो इंजीनियरिंग कॉलेज के निदेशक प्रो. शरद कुमार प्रधान ने बताया कि 5जी तकनीक में योग्यता और संलग्नता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से केंद्र सरकार के दूरसंचार विभाग की ओर से देशभर में 5जी 'यूज केस' लैब विकसित किए जाने हैं। पहले चरण में इसके लिए देशभर के 100 शिक्षण संस्थानों का चयन किया गया है। सरकार इन संस्थानों को लैब आवंटित करेगी।

बताया कि उत्तराखंड तकनीकी विवि से संबद्ध टीएचडीसी हाइड्रो इंजीनियरिंग कॉलेज का चयन होना बड़ी उपलब्धि है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 27 अक्तूबर को विभिन्न संस्थानों को 5-जी लैब आवंटित करेंगे।

निदेशक प्रधान ने बताया कि इन लैब्स का इस्तेमाल छात्रों को ट्रेंड करने के साथ ही इनोवेशन और रिसर्च को बढ़ावा देने के लिए इनक्यूबेटर के तौर पर किया जाएगा। कॉलेज को लैब आवंटित होने पर विवि के कुलपति डॉ. ओंकार सिंह ने खुशी जताते हुए कॉलेज की टीम को बधाई दी है। कहा कि इससे हाइड्रो इंजीनियरिंग कॉलेज की ख्याति और ज्यादा बढ़ेगी।

100

शिक्षण संस्थानों का देशभर में लैब स्थापना के लिए हुआ चयन

तकनीकी सहायता और शोध कार्य को मिलेगा प्रोत्साहन